web: www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, बुधवार 29 अप्रैल 2020 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 209

## 1 जावड़ेकर ने राहुल को दी चिदंबरम से ट्यूशन पढ़ने की सलाह

### ऋण माफी पर सियासी कोहराम, सरकार और कांग्रेस पर वार पलटवार, निर्मला बोली गुमराह कर रही है कांग्रेस, कांग्रेस बोली मित्रों को राहत देने के बाद तकनीकी पहलुओं के ओट में छिपना चाहती है सरकार

**नई दिल्ली,(आरएनएस)।** विजय माल्या, नीरव मोदी और मेहुल चौकसी समेत देश के 50 बड़े विलफुल डिफॉल्टर्स के 68,607 को बैंकों द्वारा बट्टे खाते में डालने आरोपों-प्रत्यारोपों का दौर शुरू हो गया है। केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने आरोप लगाने वाले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को बट्टे खाते में डालने और माफ करने के बीच का अंतर समझने के लिए पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम से ट्यूशन लेने की सलाह दी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ऐसे उद्योगपतियों के खिलाफ हुई कार्रवाई की जानकारी देते हुए कांग्रेस पर गुमराह करने का आरोप लगाया है। जबकि कांग्रेस ने आरोपों को दुहराते हुए कहा है कि अपने मित्रों को बचाने के बाद सरकार अब झूठ बोलने पर उतारू हो गई है।

जावड़ेकर ने कहा कि मोदी सरकार ने किसी का ऋण माफ नहीं किया है। बट्टा खाता में डालना लेखांकन की एक सामान्य प्रक्रिया है और इससे चूककर्ता के खिलाफ वसूली या कार्रवाई पर रोक नहीं लगती है। इसे राहुल भी समझते हैं। नहीं समझते तो चिदंबरम से ट्यूशन लें। हालांकि उनका एजेंडा गुमराह करने का है।

इससे पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक के बाद एक 13 ट्वीट कर राहुल के आरोपों का जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने भगोड़े उद्योगपतियों के खिलाफ कार्रवाई का ब्यौरा देते हुए कांग्रेस पर देश को गुमराह करने का आरोप लगाया। वित्त मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने जानबूझ कर बैंकों का कर्ज नहीं लौटाने वाले, फंसे कर्जों और बट्टे खाते पर गुमराह करने की कोशिश की। साल 2009-10 और 2013-14 के बीच अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों ने 145226 करोड़ रुपये की राशि को बट्टे खाते में डाला था। शायद राहुल ने इस संबंध में पूर्व पीएम मनमोहन सिंह जाना होगा कि यह किस बारे में था। उन्होंने कहा कि बट्टे खाते में डाले जाने के बाद भी बैंक उधारकर्ता से वसूली की कोशिश जारी रखते हैं।

वित्त मंत्री ने कहा के मेहुल चौकसी की 1936 करोड़ से अधिक की संपत्ति अटैच की गई। उनके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी हुआ है। भगोड़ा घोषित करने की प्रक्रिया जारी है और एंटीगुआ से उनके प्रत्यर्पण की कोशिश हो रही है। उन्होंने कहा कि माल्या की 8040 करोड़ की संपत्ति अटैच की गई है। उनके 1693 करोड़ के शेयर जब्त हुए हैं। उन्हें भगोड़ा घोषित किया गया और अब प्रत्यर्पण की कोशिश हो रही है। इसके अलावा यूके की जेल में बंद नीरव मोदी की करीब 2387 करोड़ रुपये की संपत्ति को भी सरकार ने अटैच की गई है।

कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि सरकार को तकनीकी पहलुओं में लोगों को उलझाने के बदले तस्वीर साफ करनी चाहिए। उन्होंने कहा -तू इधर उधर की ना बात कर ये बता की काफिला क्यों लुटा-। मामला



सीधा सा है मोदी सरकार ने अपने मित्रों से जुड़े ऋणों को माफ कर दिया है। पोल खुलने के बाद सरकार वास्तविक पक्ष की जगह तकनीकी पक्ष सामने ला कर मामले को उलझाना चाहती है। सरकार को बताना चाहिए कि क्या उसने आर्थिक अपराधियों जो देश छोड़ कर भाग गए हैं, उन पर दरियादिली नहीं दिखाई

## महत्वपूर्ण एवं खास

### 30 मई तक घरों में ही रहेंगे इलिनोइस के लोग : गवर्नर

**शिकागो,(आरएनएस)।** अमेरिकी राज्य इलिनोइस के लोग 30 मई तक अपने घरों में ही रहेंगे। इलिनोइस के गवर्नर जे.बी. प्रित्जकर ने इस बात की घोषणा करते हुए कहा कि वे 30 मई तक के लिए स्टे एट होम के आदेश को बढ़ाने जा रहे हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में कहा कि 21 मार्च को लागू किया गया मूल आदेश अप्रैल के अंत में समाप्त होने वाला है, नया आदेश 1 मई से प्रभावी होगा। नए आदेश के अनुसार, सर्जरी केंद्र और अस्पताल देरी वाली सर्जरी को शेड्यूल करना शुरू कर सकेंगे। वर्तमान में आवश्यक व्यवसायों की सूची से नदारद रहने वाले खुदरा स्टोर अब ऑनलाइन और फोन पर ऑर्डर ले सकते हैं और पिकअप व डिलीवरी की पेशकश कर सकते हैं। सार्वजनिक स्थानों पर जहां छह फुट की सोशल डिस्टेंसिंग संभव नहीं हैं, वहां मास्क लगाने व चेहरे को ढकने में सक्षम दो वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक व्यक्ति को ऐसा आवश्यक रूप से करना होगा। नए आदेशानुसार, नेचुरल रिसोर्स फॉर एक्टिविटी के डिपार्टमेंट के मार्गदर्शन में इलिनोइस के पार्कों में लंबी पैदल यात्रा, मछली पकड़ना और दो से अधिक लोगों के साथ नौका विहार करने जैसे गतिविधियां की जा सकेंगी। गौरतलब है कि इलिनोइस में गुरुवार को 1,826 नए मामले देखने को मिले। पब्लिक हेल्थ अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि इसके बाद से राज्य में कोविड-19 से संक्रमित हुए कुल लोगों की संख्या बढ़कर 36,934 हो गई। वहीं, 123 अन्य मौतों के साथ ही महामारी से मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 1,688 हो गया है।

### कोरोना वायरस प्राकृतिक है इसे बनाया नहीं गया : डब्ल्यूएचओ

**जिनेवा,(आरएनएस)।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा कि वर्तमान तक के सभी उपलब्ध साक्ष्यों से पता चलता है कि कोरोनावायरस प्राकृतिक है और इसमें किसी तरह की कोई हेराफेरी नहीं है और न ही यह निर्मित वायरस है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने ग्लोबल हेल्थ वॉच डॉग के हवाले से कहा, कई शोधकर्ता सार्स-सीओवी-2 की जीनोमिक विशेषताओं को देखने में सक्षम रहे हैं और उन्होंने पाया है कि इस बात के कोई सबूत नहीं है कि यह एक प्रयोगशाला निर्मित वायरस है। डब्ल्यूएचओ ने जोर देकर कहा कि अगर यह एक निर्मित वायरस होता तो इसका जीनोमिक सीक्वेंस ज्ञात तत्वों का मिश्रण दिखाता लेकिन ऐसा नहीं हुआ। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा कि वायरस की पहचान जनवरी की शुरुआत में हुई और 11-12 जनवरी को सार्वजनिक रूप से इसके जेनेटिक सीक्वेंस को साझा किया गया था। गौतरलब है कि विश्व में शुक्रवार सुबह तक कोविड-19 संक्रमण के चलते मरने वालों का आंकड़ा एक लाख 90 हजार 788 था। जबकि पूरी दुनिया में 27 लाख 8 हजार 479 लोग महामारी की चपेट में आ चुके हैं।

### लॉक डाउन के दौरान तेज बारिश की संभावना

**नई दिल्ली, (आरएनएस)।** कोरोना वायरस की वजह से पूरे देश में पूरे देश में लोग डाउन होने की वजह से जहां लोगों को आम जीवन जीने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वहीं अब मौसम की मार लोगों को झेलनी पड़ेगी। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटों के दौरान देश के कई राज्यों में तेज बारिश हो सकती है, इस बेमौसम बारिश का सेहत एवं फसलों पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है, जिसकी वजह से किसान काफी परेशान हैं, अगले 24 घंटों के दौरान यह अनुमान है कि उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़,आंध्र प्रदेश, कर्नाटक ,जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में कुछ स्थानों पर गरज के साथ तेज बारिश हो सकती है इसलिए इन जगहों पर अलर्ट जारी किया गया है।जबकि मध्यप्रदेश में के टीकमगढ़, सागर, सतना, पन्ना, दमोह, छतरपुर, रीवा, दतिया, ग्वालियर, विदिशा, सिंगरौली, उमरिया, शहडोल में आज हल्की बारिश हो सकती है, जबकि अगले 24 घंटों के दौरान राजस्थान के चुरू, अलवर, जयपुर, भरतपुर और आसपास में आंधी के साथ हल्की बारिश होने का अनुमान व्यक्त किया गया है।.

## विरोधी मीडिया ने दी थी किम जोंग उन के संबंध में गलत रिपोर्ट:ट्रंप

**वाशिंगटन,(आरएनएस)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उन खबरों को खारिज कर दिया है, जिसमें कहा जा रहा है कि उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन बीमार हैं। ट्रंप ने इसके लिए एक बार फिर सीएनएन की आलोचना की है। बता दें कि सीएनएन के साथ ट्रंप का रिश्ता बेहद तीखा रहा है। डोनाल्ड ट्रंप ने कोविड-19 के डेली ब्रीफिंग के दौरान सीएनएएन की आलोचना करते हुए कहा कि मुझे लगता है कि यह रिपोर्ट गलत है। मैं सुन रहा हूं कि इस न्यूज के लिए उन्होंने (टीवी चैनल) पुराने दस्तावेज का इस्तेमाल किया है। हालांकि, उन्होंने यह कहने से साफ तौर पर इनकार कर दिया कि उनको स्पष्ट जानकारी है कि नॉर्थ कोरिया के तानाशाह पूरी तरह से ठीक हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया के साथ-साथ किम जोंग से भी मेरे अच्छे संबंध हैं। मुझे उम्मीद है कि वह ठीक हैं। बता दें कि इससे एक दिन पहले किम जोंग की तबीयत खराब होने की खबर पर ट्रंप ने उनके ठीक होने की कामना की थी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग से तीन बार मुलाकात कर चुके



हैं।ट्रंप ने कहा, ये ऐसी रिपोर्टें हैं जो सामने आई (उनकी बीमारी के बारे में)। हम नहीं जानते। हम नहीं जानते। हालांकि, मेरे उनके साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। मैं केवल यह कह सकता हूं कि मैं उनके अच्छे होने की कामना करता हूं। अगर वह इस तरह के हालत में हैं, जैसा कि रिपोर्ट में कहा गया है तो यह बहुत गंभीर हालत है।

दरअसल, सीएनएन ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से खबर दी थी कि सर्जरी के बाद किम जोंग उन की हालत नाजुक है और वह गंभीर खतरे से जूझ रहे हैं। वहीं, साउथ कोरिया के अधिकारियों ने भी पड़ताल के बाद कहा था कि नॉर्थ कोरिया में कुछ भी असामान्य घटित नहीं हो रहा है।

## देश अब और रोहिंग्या को स्वीकार नहीं करेगा : मोमेन

**ढाका,(आरएनएस)।** बांग्लादेश के विदेश मंत्री एके अब्दुल मोमेन ने कहा कि अब किसी भी रोहिंग्या को बांग्लादेश में शरण नहीं दी जाएगी। उनका यह बयान इन खबरों के बीच आया है कि सैकड़ों रोहिंग्या शरणार्थी बांग्लादेश में प्रवेश करने की कोशिश में समुद्र में फंसे हुए हैं। एफे न्यूज ने गुरुवार को मोमेन के हवाले से कहा, हमने निर्णय किया है कि अब अपने यहां और रोहिंग्या को आने नहीं देंगे। कोविड-19 की स्थिति के मद्देनजर ऐसा किया गया है। जिन्हें क्षेत्रों को हम संरक्षित रखना चाहते हैं, हम वहां किसी भी व्यक्ति को स्वीकार नहीं कर सकते हैं। खबरों के अनुसार, मलेशियाई अधिकारियों द्वारा खदेड़े जाने के बाद बुधवार को मछली पकड़ने वाली दो नावों में महिलाओं, पुरुषों



और बच्चों सहित लगभग 500 रोहिंग्या बंगाल की खाड़ी में दिखे। इससे एक हफ्ते पहले ही 15 अप्रैल को एक अन्य नौका में करीबन 400 रोहिंग्या शरणार्थी बांग्लादेश पहुंचे थे। मोमेन ने स्वीकार किया कि उनके पास दो नावों के बारे में जानकारी है, लेकिन उन्होंने कहा कि वर्तमान में सरकार की प्राथमिकता उन शरणार्थी शिविर क्षेत्रों की सुरक्षा करना है, जहां हजारों रोहिंग्या पहले से ही रह रहे हैं।

## देश में संक्रमित मरीजों की संख्या 31332 हुई, अब तक 1007 की मौत

### पिछले 24 घंटे में 1897 नए मामले, 73 लोगों की मौत

**नई दिल्ली ,(आरएनएस)।** देशभर में कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में 1897 नए मामले सामने आए हैं और 73 लोगों की मौत हो गई है, जो अब तक एक दिन में मौतों का सर्वाधिक आंकड़ा है। इसके बाद देशभर में कोरोना पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 31,332 हो गई है, जिसमें 22,629 सक्रिय हैं, 7,696 लोग स्वस्थ हो चुके हैं या उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है और 1,007 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, आंध्र प्रदेश में 73, राजस्थान में 29, पंजाब में 16 और कर्नाटक में नौ नए मामले दर्ज किए गए हैं।

**300 जिले कोरोना संक्रमण से पूरी तरह मुक्त**

देश में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले 31 हजार को पार कर चुके हैं, जबकि मौत का आंकड़ा भी अब 1000 से ऊपर पहुंच चुका है। हालांकि, अच्छी बात यह है कि अब तक 7,696 मरीज इलाज के बाद पूरी तरह स्वस्थ भी हो चुके हैं। कोरोना के खिलाफ लड़ाई में मरीजों के ठीक होने की रफ्तार बढने के साथ-साथ अच्छी खबर यह भी है कि देश के 300 जिले अबतक कोरोना संक्रमण से पूरी तरह मुक्त रहे हैं। देश में कुल 739 जिले हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने बताया कि इनमें से 300 जिले ऐसे हैं, जहां अब तक कोरोना का एक भी केस सामने नहीं आया है। इसके अलावा 300 अन्य ऐसे भी जिले हैं जहां कोरोना वायरस संक्रमण के बहुत ही कम केस हैं। देश में अब 170 में से 129 जिले ऐसे रह गये हैं, जो कोरोना के हॉटस्पॉट्स की श्रेणी में हैं।



**छह राज्य पूरी तरह से कोरोना मुक्त**

देश में अब भी 5 राज्य और केंद्रशासित प्रदेश ऐसे हैं जो कोरोना वायरस संक्रमण से एकदम अछूते हैं। ये राज्य हैं- दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव, लक्षद्वीप, नगालैंड और सिक्किम। इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, त्रिपुरा और गोवा ऐसे राज्य हैं जहां पिछले 14 दिनों से एक भी केस नहीं हैं यानी इन्हें अब कोरोनामुक्त माना जा सकता है।

**आईआईटी गुवाहाटी और अहमदाबाद की दवा कंपनी करेगी टीका विकसित**

अहमदाबाद की दवा कंपनी हेस्टर बायोसाइंस ने कोरोना वायरस का टीका विकसित करने के लिए आईआईटी-गुवाहाटी के साथ गठजोड़ किया है। कंपनी ने बुधवार को एक बयान में बताया कि दोनों संगठनों के बीच इसके लिए 15 अप्रैल 2020 को एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। कंपनी ने कहा कि यह टीका 'रीकॉम्बिनेंट एवियन पैरामिक्सोवायरस' आधारित होगा। रीकॉम्बिनेंट एवियन पैरामिक्सोवायरस संक्रामक बीमारियों को रोकने के लिए टीका के रूप में उपयोग किया जाता है। इस बारे में हेस्टर बायोसाइंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजीव गांधी ने कहा कि कंपनी और आईआईटी-गुवाहाटी मिलकर कोरोना वायरस बीमारी से लडने के लिए एक रीकॉम्बिनेंट टीका विकसित करेंगे।

**विमान आठ टन चिकित्सा सामग्री लेकर मलयेशिया गया**

कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए लगाए लॉकडाउन के बीच स्पाइसजेट ने बुधवार को कहा कि उसने मलयेशिया के कुआलालम्पुर तक अपनी पहली मालवाहक उड़ान का संचालन किया। विमान करीब आठ टन का अहम चिकित्सा सामग्री लेकर कुआलालम्पुर गया है।

**खाड़ी देशों से भारतीयों को निकालने की तैयारी में जुटी नौसेना**

सरकारी सूत्रों के मुताबिक, भारतीय नौसेना खाड़ी देशों से भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए अपने लैंडिंग



प्लेटफॉर्म डॉक युद्धपोत आईएनएस जलश्व और दो मगर क्लास के उभयचर युद्धपोतों को तैयार कर रही है। अगर जरूरत पड़ती है तो इनका इस्तेमाल किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि आईएनएस जलश्व विशाखापत्तनम में है, वहीं मगर क्लास के युद्धपोत पश्चिमी समुद्री तट पर हैं। ये युद्धपोत स्टैंडबाय मोड पर हैं और आदेश जारी होने के बाद मूव करने के लिए तैयार होंगे।

**दिल्ली में कोरोना के 3314 मामले**

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने बताया कि दिल्ली में कोरोना पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 3314 है जिसमें मंगलवार के 206 केस शामिल हैं और कल 201 लोग ठीक हो चुके हैं । दिल्ली में अभी तक कुल 1078 लोग ठीक हो चुके हैं। 53 आईसीयू में और 12 लोग वेंटिलेटर पर हैं। उन्होंने बताया कि अब जो प्रोटोकॉल है उसके हिसाब से जिनमें लक्षण नहीं हैं या लाइट लक्षण हैं उनको घर में ही आइसोलेशन करके इलाज किया जाएगा, उन्हें अस्पताल जाने की जरूरत नहीं है।

## कार्यालय आने से पहले मोबाइल में डाउनलोड करें आरोग्य सेतु ऐप

### कोरोना संकट में केंद्र का कर्मचारियों को निर्देश

**नई दिल्ली,(आरएनएस)।** केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों को आरोग्य सेतु मोबाइल ऐप डाउनलोड करने के निर्देश दिए हैं। न्यूज एजेंसी एएनआई के अनुसार, सरकार ने यह निर्देश सभी अधिकारियों, कर्मियों और आउटसोर्स स्टाफ को दिया है। मालूम हो कि सरकार ने कोरोना वायरस के चलते पिछले दिनों आरोग्य सेतु मोबाइल ऐप को लॉन्च किया था।

कर्मचारियों को जारी निर्देश में कहा गया है कि घर से दफ्तर आने से पहले वह आरोग्य सेतु ऐप पर स्टेटस जरूर चेक कर लें और तभी दफ्तर आएं जब ऐप पर सेफ और लो रिस्क का स्टेटस दिखे। अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा गया है कि यदि उन्हें ऐप पर हाई रिस्क या फिर मॉडरेट दिखाई देता है, तब वह दफ्तर नहीं आएं और खुद को तब तक के लिए आइसोलेट कर लें जब तक ऐप पर उन्हें सेफ या फिर लो रिस्क नहीं दिखने लगे। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से कोरोना वायरस के खिलाफ जारी जंग के लिए अपने मोबाइल फोन पर आरोग्य सेतु मोबाइल एप्लीकेशन डाउनलोड करने की अपील की थी। बता दें कि कोरोना वायरस के संक्रमण के जोखिम का आकलन करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा लॉन्च आरोग्य सेतु ऐप आपको यह बताता है कि आप जोखिम में हैं या नहीं। ऐप ब्लूटूथ और जीपीएस से चलता है। सरकार का दावा है कि यह ऐप




कोविड-19 संक्रमण के प्रसार, जोखिम और बचाव एवं उपचार के लिए लोगों तक सही और सटीक जानकारी देने का काम करता है।

## भगोड़ों के कर्ज को बट्टे खाते में डालने का नियम लागू न हो चिदंबरम राष्ट्रीय

**नई दिल्ली,(आरएनएस)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम ने बुधवार को कहा कि सरकार को नीरव मोदी, मेहुल चोकसी और विजय माल्या जैसे भगोड़े कारोबारियों के संदर्भ में कर्ज को बट्टे खाते में डालने का नियम लागू नहीं करना चाहिए।

उन्होंने यह टिप्पणी उस वक्त की है जब कांग्रेस के एक आरोप को लेकर पलटवार करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार रात कहा कि जानबूझ कर ऋण नहीं चुकाने वाले संप्रग सरकार की 'फोन बैंकिंग के लाभकारी हैं और मोदी सरकार उनसे बकाया वसूली के लिए उनके पीछे पड़ी है। चिदंबरम ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संवाददाताओं से कहा, कोई इस बात से इनकार नहीं कर रहा है कि जानबूझ कर कर्ज अदा नहीं करने वालों पर कर्ज बट्टे खाते में डालने वाला नियम लागू नहीं होना चाहिए। परंतु हम इन भगोड़ों के बारे में सवाल कर रहे हैं। वे देश छोड़कर भाग चुके हैं। आप यह नियम नीरव मोदी, मेहुल चोकसी और विजय माल्या के लिए लागू क्यों कर रहे हैं। पूर्व वित्त मंत्री ने कहा कि भगोड़े लोगों के मामले में तकनीकी नियम लागू नहीं होना चाहिए। दरअसल कांग्रेस का दावा है कि '24 अप्रैल को आरटीआई के जवाब में रिजर्व बैंक ने सनसनीखेज खुलासा करते हुए 50 सबसे बड़े बैंक घोटालेबाजों का 68,607 करोड़ रुपया 'माफ करने की बात स्वीकार की। इनमें भगोड़े कारोबारी चोकसी, नीरव मोदी और माल्या के नाम भी शामिल हैं।